# प्रभास-कृति की फिल्म आदिपुरुषश के मेकर्स ने ली राहत की सांस, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

प्रोस-प्रकृत आदिपुरुष रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गई थी। ओम राउत के निर्देशन में बनी प्रभास और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म का जब से टीजर आया था तब ही इसकी बवाल मचा था।

फिल्म को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जहां लोगों ने फिल्म के मेकर्स पर ये आरोप लगाया था कि उन्होंने लोगों की भावनाओं को इस फिल्म से आहत किया है।

समाचार एजेंसी एएनआई ने हाल ही में केअपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, सुप्रीम कोर्ट ने निर्माताओं के खिलाफ अलग-अलग कोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं, कोर्ट ने इआदिपुरुष के मेकर्स द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की गई अपील में भी नोटिस जारी किया गया है, जिसमें मेकर्स को जुलाई में कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया था। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने प्रभास और कृति सेनन की फिल्म इआदिपुरुष के खिलाफ प्रदर्शन कर CBFC सर्टिफिकेट को रद्द करने की मांग करने वाली जनहित याचिका को भी खारिज कर दिया है।




इलाहाबाद समेत कई कोर्ट में फिल्म पर बैन करने की मांग की गई थी। आदिपुरुष पर चल रही सुनवाई पर अब सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

प्रभास और कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष को लेकर एक लंबे समय से विवाद चल रहा है। ओम राउत के निर्देशन में बनी इस माइथोलॉजिकल

प्रभास और कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष को लेकर एक लंबे समय से विवाद चल रहा है। ओम राउत के निर्देशन में बनी इस माइथोलॉजिकल फिल्म को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जहां लोगों ने फिल्म के मेकर्स पर ये आरोप लगाया था कि उन्होंने लोगों की भावनाओं को इस फिल्म से आहत




# मेरे महापौर बनने में व्यापारियों का विशेष योगदान : महापौर

लखनऊ(संवाददाता)। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रही महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल द्वारा व्यापारियों को



संबोधित करते हुए उनकी सभी समस्याओं को त्वरित निस्तारित किये जाने का आश्वाशन किया। इस दौरान महापौर ने अपने संबोधन में व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, मेरे इस मुकाम तक पहुंचने और मेरे महापौर बनने के पीछे लखनऊ के समस्त आम जन भाजपा के सभी सम्मानित वरिष्ठ व बड़े नेताओं के साथ व्यापारियों का विशेष सहयोग व आशीर्वाद भी रहा है।इस पश्चात मा. महापौर जी ने जल कर एवं गृहकर से संबंधित प्राप्त पत्र पर कहा कि जल्दी ही समस्त व्यापारियो की एक बैठक आहूत की जाएगी।जिसमें जलकर एव गृहकर इत्यादि समस्याओं से व्यापारी मुझे व संबंधित अधिकारियों को स्वयं ही अवगत करवा कर उस समस्या को निस्टेटित करने के सुझाव पेश कर सकेंगे। जनहित के लिए कल्याणकारी सभी सुझावों को सुनकर संबंधित समस्याओं को त्वरित रूप से निस्तारित किया जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे नगर निगम के अंतर्गत लगभग साढे नौ लाख ग्रह आते है जिनमे से महज साढे 3 लाख को पत्र कर आता है, ऐसे मे निगम को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है,इसके लिए अधिक से अधिक वसूली वृहद अभियान के रूप में करवाकर निगम की आय बढ़ाये जाने हेतु तो योजना तैयार की ही जा रही है, लेकिन इस बीच व्यापारियों द्वारा निगम के विद्यालयों को गोद लेकर उनकी पूर्ण रूप से देख रेख करने का जिम्मा उठाना अत्यंत सराहनीय है।सम्मानित व्यापारियों द्वारा नगर निगम के 6 विद्यालयों कको गोद लिए जाने के अत्यंत उत्कृष्ट योगदान हेतु महापौर जी ने उनका आभार व्यक्त किया।उक्त आयोजन में सभी सम्मानित नेताओं ने संबोधन कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी-योजनाओं से अवगत कराते हुए उनसे होने वाले फायदों की जानकारिया दी।साथ ही व्यापारियों के हितार्थ सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं उनके विकास हेतु समय समय पर रणनीति तैयार कर योजना बना के उन्हें अमल में लाये जाने इत्यादि पर प्रकाश डाला और व्यापारियों को हर संभव सहायता प्रदान किये जाने का आश्वाशन दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर के अतिरिक्त मा. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मा. प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक पंकज सिंह एवं नगर अध्यक्ष,सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा के साथ भाजपा के अन्य बड़े नेता, कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में व्यापारीगण शामिल रहे।

# तेजस्वी यादव जे की मणिपुर घटना की कड़ी निंदा

पटना (एजेन्सी)। मणिपुर की घटना को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। लेकिन मणिपुर के मुख्यमंत्री जिस तरह से बयान दे रहे है वो तो और भी शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में



विपक्षी एकता की जो बैठक हुई थी उस बैठक मे भी मणिपुर की घटना को लेकर हम लोगो ने आपस मे बातचीत की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है इस घटना को लेकर सभी विपक्षी पार्टियो ने सदन के अंदर चर्चा के लिए अपनी बाते रखी है, लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना को लेकर कुछ बयान नही देते है। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का सिर्फ एक ही काम है विपक्ष के नेताओ को सिर्फ गाली देना अपने काम पर वह चर्चा कम करते है लेकिन विपक्ष के काम पर चर्चा ज्यादा करते है। तेजस्वी यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि मणिपुर की घटना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब मणिपुर जा सकते है तो प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नही जा सकते हैं। जब राहुल गांधी इस मामले को लेकर सरकार को संज्ञान मे लाते है तो प्रधानमंत्री को इस मामले पर स्वत संज्ञान लेना चाहिए। राजद नेता ने यहा तक कहा कि यदि मणिपुर में विपक्ष की सरकार होती तो ना जाने केंद्र सरकार किन किन एजेंसियों को यहां एक्टिव कर देती।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग, बक्शीपुर, जनपद – गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला –द्वितीय तल, पुष्पांजलि काम्पलेक्स शाही मार्केट, गोलघर,जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।

सम्पादक
शक्ति शंकर

मो0 :- (+91) 7233999001